Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding provision of legislative assembly in respect of Dadar and Nagar Haveli.

*m01

**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) :** माननीय स्पीकर महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद । मैं केन्द्र-शासित प्रदेश दादरा और नागर हवेली से काफी कठिन परिस्थितियों में अपना पहला चुनाव जीतकर आई हूं । मुझसे पहले मेरे पति स्व. मोहन भाई देलकर जी इस सदन में सात बार सांसद बनकर अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं । मेरा प्रदेश जिन विकट परिस्थितियों से गुजर रहा था, उसकी लड़ाई लड़ते हुए हमारे प्रदेश एवं देश के सबसे वरिष्ठ सांसद को अपना बलिदान देना पड़ा । मेरा प्रदेश आज भी बहुत गंभीर एवं कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है ।

महोदय, भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश होने के बावजूद हमारे दोनों प्रदेशों के जनप्रतिनिधि एवं जनता के हक तथा अधिकार छीनकर अत्याचार किए जा रहे हैं । इन गंभीर समस्याओं एवं कठिन परिस्थितियों को देखकर मैं आपसे विनम्र विनती करती हूं कि हमारे दोनों प्रदेशों को देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए पुन: असेंबली दी जाए, ताकि दोनों प्रदेशों की जनता को उनके हक और अधिकार वापस मिल सकें ।

महोदय, वर्ष-2014 में महामहिम उप राष्ट्रपति जी की अध्यक्षता में होम मिनिस्ट्री की स्टैंडिंग कमेटी ने दोनों प्रदेशों को विधान सभा देने की सिफारिश की थी । यह मुद्दा वर्ष-2019 में हमारे प्रदेश के तत्कालीन सांसद श्री मोहन भाई देलकर जी ने सदन में उठाया था । मैं आपके माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति जी एवं भारत सरकार से विनम्र निवेदन करती हूं कि इस मामले में तुरंत आवश्यक कार्रवाई की कृपा करें । धन्यवाद । जय हिंद, जय दादरा-नागर हवेली ।